# जीएसटी रिफार्म से प्रदेश में नए रोजगार का होगा सृजन : योगी

## मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर नशामुक्त भारत के लिए नमो मैराथन का किया शुभारंभ, कहा–विजयदशमी पर भ्रष्टाचार का जलाएं पुतला



नशा मुक्त भारत के लिए आयोजित नमो युवा रन के दौरान युवाओं के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सूचना विभाग

जासं • लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीएसटी रिफार्म से प्रदेश का हर गरीब महंगाई से मुक्त और युवा सस्ते में शिक्षण सामग्री खरीद सकेगा। हर व्यक्ति की खरीद की क्षमता और बाजार की ताकत बढ़ेगी, नए रोजगार का सृजन होगा, जहां काम करने का अवसर मिलेगा। ऐसे में हर प्रदेशवासी को जीएसटी रिफार्म से अवगत कराना होगा।

मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने आवास पर नशामुक्त भारत के लिए नमो मैराथन का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली के उपहार के रूप में हर देशवासी को जीएसटी रिफार्म का गिफ्ट दिया है। इससे जहां एक ओर जरूरी चीजें छात्रों की शिक्षण सामग्री, दूध, दही, घी, पनीर, खाने की वस्तुओं में बड़ी छूट दी गयी है,

**नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे पर हुई समाप्त, विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत**

वहीं नशे और फिजूलखर्ची पर बड़ा टैक्स लगाया गया है। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए बाइक, कार, घर, घर पर लगने वाले स्टील, सीमेंट आदि पर भी छूट दी गई है। जीएसटी काउंसिल की घोषणा 22 सितंबर से पूरे देश में लागू होगी। योगी ने कहा, विजयदशमी पर हर गांव, हर कस्बे और हर जिले में युवाओं को बुराई के प्रतीक पाप, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अन्याय और नशे का पुतला जलाना होगा। प्रधानमंत्री ने 'आजादी के अमृत महोत्सव' के अवसर पर देशवासियों से विकसित भारत का संकल्प लेने और पंच प्रण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया था। यही पंच प्रण भारतवासियों को विकसित भारत की यात्रा का सारथी बनाएंगे। नमो मैराथन कालिदास मार्ग से चलकर 1090 चौराहे पर समाप्त हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए सभी को जुटना होगा। उन्होंने मैराथन मे युवक व युवतियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वालों को पुरस्कृत किया। युवतियों में उजाला, डिंपल व लक्ष्मी चौहान व युवकों में पंकज यादव, रवि कुमार पाल व मोहम्मद अलीम पुरस्कृत हुए। इस अवसर पर खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ला, डा. नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, युवा नेता नीरज सिंह आदि मौजूद रहे।